कार्रवाई | राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम की मौजूदगी में की गई कार्रवाई

# अतिक्रमण पर चली जिला प्रशासन की जेसीबी






**नवभारत, कटनी।** जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रशासन के बुलडोजर ने एक साथ दो अलग-अलग स्थानों पर अतिक्रमण हटाए। पहली कार्रवाई नगर निगम सीमा के अंतर्गत जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन पर हुई, जहां हाई कोर्ट के कड़े रुख के बाद एक अवैध मकान को ढहा दिया गया। यह कार्रवाई शहर के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी की जमीन पर लंबे समय से काबिज अतिक्रमणकारी के खिलाफ की गई। रोशन विश्वकर्मा नामक व्यक्ति ने मंदिर ट्रस्ट की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर एक पक्का मकान बना लिया था। इस संबंध में जिला प्रशासन को कई शिकायतें मिली थीं। मामला माननीय उच्च न्यायालय तक पहुंचा, जिसके बाद कोर्ट ने अवैध कब्जे को तत्काल हटाने के निर्देश जारी किए थे। कोर्ट द्वारा दी गई समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी जब स्थानीय प्रशासन ने कार्रवाई में ढुलमुल रवैया अपनाया, तब हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। तहसीलदार अजीत तिवारी, नगर निगम के अमले और कोतवाली पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों ने रोशन विश्वकर्मा के अवैध रूप से बने मकान को पूरी तरह जमींदोज कर दिया। दूसरी तरफ, बड़वारा क्षेत्र में भी प्रशासन ने भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। बड़वारा बाईपास पर स्थित नेशनल हाईवे 43 के किनारे करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने संदीपनी स्कूल के सामने स्थित शासकीय खसरा नंबर 135/1 पर यह कार्रवाई की। बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम ने बताया कि बाईपास के पास स्थित इस शासकीय भूमि पर बाहर से आए कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कच्चे और पक्के निर्माण किए जा रहे थे। प्रशासन द्वारा उन्हें पिछले दो सप्ताह से लगातार समझाइश दी जा रही थी।

अतिक्रमणकारियों ने स्वयं कब्जा हटाने की बात कही थी, लेकिन समय बीतने के बाद भी उन्होंने निर्माण नहीं हटाया। इसके बाद नियमानुसार संयुक्त टीम भेजकर पूरी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है।



## प्रभावी और पारदर्शी समाधान हमारी प्राथमिकता

नगर निगम में महापौर ने सुनी शहरवासियों की समस्याएं

**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, राजस्व, अतिक्रमण सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर सुनवाई की गई। महापौर ने प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी और पारदर्शी समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। नागरिकों कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर आवेदकों को समय पर राहत दी जाए और प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे, जिससे नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। कई प्रकरणों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर कार्रवाई प्रारंभ कराई गई, जबकि गंभीर मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देश दिए गए।

महापौर ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाली महापौर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें सीधे नगर निगम के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### एक नजर में

## घर में सो रहे युवक की सांप के डसने से हुई मौत

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत आने वाले पिपरिया गांव में सोमवार की रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक घर में सो रहे युवक की काले सांप के काटने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक दिलीप विश्वकर्मा पिता ईश्वरी विश्वकर्मा, सोमवार की रात अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान एक जहरीले काले सांप ने उन्हें काट लिया। सांप के काटने का पता चलते ही परिजन अत्यंत घबरा गए और जब तक उन्हें उपचार के लिए ले जाने की तैयारी की जाती, तब तक शरीर में जहर फैलने के कारण दिलीप ने तत्काल दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सुबह ग्रामीणों की भारी भीड़ मृतक के घर पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और प्रशासन को दी। मृतक दिलीप अपने परिवार का मुख्य सहारा थे, उनकी असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। आपको बतादें कि बारिश के मौसम सर्पदंश की घटनाए बढ़ रही हैं। अस्पतालों में भी सर्पदंश पीड़ितों की संख्या बढ़ी हुई।

## जिले के चार मुख्य कार्यपालन अधिकारी पदोन्नत

जिला पंचायत सीईओ ने कहा- पूरी निष्ठा से करें कार्य



**नवभारत, कटनी।** राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जिले में पदस्थ चार मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उपायुक्त के पद पर पदोन्नत किया है। इस बड़ी सफलता पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदीप सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटनी, राजेश नरेंद्र सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रीठी यजुवेंद्र कोरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, प्रभा तेकाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़वारा इन सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थापन्न रूप से उपायुक्त के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी अधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में पूरी निष्ठा और परिश्रम के साथ काम करें। जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर शासन की जनहितैषी योजनाओं का प्रभावी और परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह संयुक्त प्रयास होना चाहिए कि राज्य शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन तय समय सीमा में किया जाए। इस पदोन्नति से जिले के प्रशासनिक हलके में हर्ष का माहौल है .

## खेत में लकड़ी काटते समय किसान को लगा करंट

**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरतपुर में मंगलवार सुबह खेत में लकड़ी काटने के दौरान 50 वर्षीय व्यक्ति बिजली के करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार भरतपुर निवासी राजिदा यादव मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अपने खेत में लकड़ी काट रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन के संपर्क में गीली लकड़ी आ गई, जिससे करंट प्रवाहित हो गया और राजिदा यादव उसकी चपेट में आ गए। करंट लगते ही वे खेत में गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## आईएफएमआईएस केयर कैंप का आयोजन 16 और 17 को

**नवभारत, कटनी।** वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अरविन्द सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला कोषालय परिसर में आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय कटनी में 16 व 17 जुलाई को आईएफएमआईएस केयर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

## चलती बाइक की चैन टूटी, सड़क पर गिरने से घायल हुआ युवक

हादसे में युवक के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ी करैया के पास मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। चलती बाइक की अचानक चैन टूट जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और चालक सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में युवक के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में जारी है। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय रवि पटेल रीठी से अपने घर बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही वह बड़ी करैया गांव के पास पहुंचे, तभी अचानक बाइक की चैन टूट गई। बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल युवक की मदद की और उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी पहुंचाया।

यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार युवक के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं तथा उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

बैठक | सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और विभागीय योजनाओं कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# जनहित से जुड़े मामलों में बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही, होगी कार्रवाई



**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए और योजना से जुड़ी सभी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने हाल के दिनों में बारिश और आंधी की वजह से बाधित बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कटनी एक औद्योगिक जिला है, ऐसे में औद्योगिक क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। बैठक में समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए नगर निगम, एमएसएमई, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, राजस्व, स्वास्थ्य, ऊर्जा और कृषि विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। पीएम किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाओं से संबंधित शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बैठक में मूंग और उड़द उपार्जन, खाद की उपलब्धता और वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि सिर्फ पात्र किसानों को ही ई-विकास प्रणाली से खाद उपलब्ध कराया जाए और सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाए। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाली पड़ी शासकीय इमारतों का समुचित उपयोग किया जाए, जिससे बच्चों के शैक्षणिक कार्य में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। साथ ही सांदीपनी स्कूलों के मर्जर के बाद उपलब्ध भवनों का भी प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विकासखंडों में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच एएनसी पंजीयन को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही गंभीर एनीमिया के मामलों में 100 प्रतिशत प्रबंधन सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेख दुरुस्ती जैसे राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

## नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सायना के छात्रों ने लहराया परचम




**नवभारत, कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में अपना परचम तो लहराते ही हैं साथ ही खेल गतिविधियों में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान निरंतर स्थापित कर रहे हैं। इस कड़ी में विगत दिवस मार्शल आटर्स गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित कराते प्रतियोगिता में सायना के छात्र जय केदार श्रीवास्तव ने अपने कोच प्रताप निषाद के मार्गदर्शन में 14 राज्यों के प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देते हुए रजत पदक और कास्य पदक प्राप्त कर सायना का परचम लहराया। प्रात :कालीन प्रार्थना सभा में जय केदार को सम्मानित करते हुए सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि कराटे प्रतियोगिता में पदक हासिल कर छात्र ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ निश्चय और परिश्रम से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। छात्र की इस उपलब्धि के लिए बधाई ।जय की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ श्रीमती निधि पाठक, सचिव पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला पाठक, विधायक संजय पाठक, मैनेजमेंट रिप्रेजेन्टेटिव ऋषि अरोरा, अभिभावको और शिक्षकों छात्रों को बधाई देने के साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिले में अब तक 197 .1 मिलीमीटर हुई बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिला भू-अभिलेख अधीक्षक मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 228 .7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 271 .1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 64 .5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 145 .8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 146 .1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 367 .4 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील में 129 .4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील रीठी जिला-कटनी (म.प्र.)**

**सार्वजनिक नोटिस / आम इश्तहार**

जावक क्रमांक रा.प्र.क्रं . 0161 / अ-6/2026-27

एतद द्वारा सर्व साधारण का सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार राघवेन्द्र कुमार पिता कालूराम लोधी निवासी हरद्वारा तहसील रीठी जिला- कटनी द्वारा ग्राम हरद्वारा प.ह.नं.-25 स्थित भूमि ख.नं. 86, 87/5 कुल रकवा 0.46, 0.17 हे. भूमि का फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं जिसकी सनवाई दिनांक 06/07/2026 को समय 11.00 बजे न्यायालय तहसीलदार रीठी परिसर में की जानी हैं। अत: जिस किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 06 /07/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। अनुसूची पटवारी हल्का क्रमांक /सेक्टर क्रमांक - 25, ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम - हरद्वारा, सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लाक / भू-खंड संख्यांक - 86, 87/5, क्षेत्र फल / हेक्टर - 0.46, 0.17 हे., विद्यमान भू-अभिलेख में अंकित धारक / धारकी का विवरण - संतोष कुमार, राघवेन्द्र पिता कालूराम लोधी, उस व्यक्ति एवं व्यक्तियों विवरण जिनके पक्ष में - राघवेन्द्र पिता कालूराम, - योग - 2 - 0.63 हे., आज दिनांक 22 / 06 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्र के अधीन जारी किया गया ।

पेशी - दिनांक : - 06/07/2026

स्थान- रीठी मुद्रा

तहसीलदार
रीठी
















